नमस्ते, 75th स्वतंत्रता दिवस की आप सब को बहुत शुभकामनाएँ।

मैं मोरोली हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक के बतौर हमारे बोर्ड और प्रशासन की ओर से आप सभी उपस्थित लोगों का अभिवादन करती हूँ। आज इस शुभ अवसर पर हमारे साथ होने का और हमारे अस्पताल द्वारा सामाजिक कल्याण की ओर कुछ विनम्र प्रयासों को साकार करने में हमारा साथ देने और हमारा प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए आप सभी का धन्यवाद देना चाहती हूँ।

अभी तक का गुज़रा हुआ साल 2021 निसंदेह ही कोविड के कारण चुनौतीपूर्ण रहा है। लेकिन मैं गर्व से कह सकती हूँ की इन असामान्य परिस्थितियों में भी हमारे डाक्टर्ज़, नर्सिंग, अड्मिनिस्ट्रेशन और मेंट्नेन्स स्टाफ़ ने हॉस्पिटल प्रशाँसन का पूरी तरह साथ दिया और अपनी निष्ठा और कर्मठता से हमारे मरीज़ों को आवश्यक सुविधाएँ बिना किसी रुकावट के प्रदान की। हमारी संस्थापक सिधांतों को साकार करने में मैं इन सभी KNH परिवार सदस्यों की आभारी हूँ।

डॉ. गोइनका के कुशल नेतृतव में और हमारे सारे KNH परिवार के सदस्यों की कर्मठता की वजह से हम इन असामान्य परिस्थितियों में भी अस्पताल के लिए साधे गए हमारे 2021 लक्ष्यों में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

1. हम NABH प्रमाण के लिए ज़रूरी वह हमारी स्वयं की सेवाओं को और बेहतरीन और सुविधापूर्ण व किफ़ायती बनने का पूर्ण प्रयास कर रहे हैं।
2. हम कई स्थनिय, ग्रामीण व समाजकल्यान संस्थाओं के साथ स्वास्थ्य कल्याण की ओर अपना योगदान देने के लक्ष्य पर भी निरंतर काम कर रहे हैं।
3. हम अपने मरीज़ों के लिए आर्थिक रूप से सुविधापूर्ण और सफल इन्फ़र्टिलिटी ट्रीटमेंट में भी आगे बढ़ रहे हैं।
4. हम लेपरोसकोपि, Telemedicine इत्यादि जैसी नयीं सुविधाओं को भी उपलब्ध कराने पर काम कर रहे हैं।
5. हम वेब्सायट व अन्य सोशल मीडिया प्रेज़ेन्स पर भी काम कर रहे हैं जिस के द्वारा हम स्वास्थ्य के प्रति और जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं।
6. इस साल हम दो और ग्रामीण यूनिट की स्थापना करना चाहते हैं।
7. परियवरन अनुकूल पहल जैसे की सोलर पहल स्थापित करने पर भी हम काम कर रहे हैं।
8. इस साल हम ने Dr. V.C. Sharma scholarship की भी स्थापना की है।

हमारे इस साल के लक्ष्यों को पाने में निस्सन्देह ही कोविड के कारण सामान्य से अधिक बाधाएँ और रुकावटें आयी हैं लेकिन हम अपनी पूरी निष्ठा से इनको पाने के प्रयास में लगे रहेंगे। थोड़ा विलम्ब ज़रूर होसकता हैं पर अंतः हमारी सेवाओं में वृधी ज़रूर होगी।

आज के दिन स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और BNI टाइटन के सौजन्य से हम एक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे हैं। आप सभी आयोजकों और यहाँ उपस्थिंत रक्तदानियों हमारे KNH परिवार की ओर से अभिनंदन है। रक्तदान एक बहुत ही आदिवतय और मूल्यवान दान है और इन परिस्थियों में यह और भी महत्वपूर्ण है।

इस शिविर को प्रोत्साहन और सहयोग देने के लिए हम मेजर शैतानसिंह कालोनी की अध्यक्ष कमिटी और कोलोनयवासियों के भी बहुत आभारी हैं।

मोरोली जनविकास ट्रस्ट, जो हमारी मात्रि सुरक्षा योजना का प्रमुख प्रयोजक है, उनको भी हम अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं। उनके इस सहयोग से हम कई नयी माताओं और नवजात शिशूँ को आर्थिक सहायता प्रदान कर पाते हैं।

अंत में मैं यह ही आप सबसे अनुरौध करना चाहूँगी की आप हमें ऐसे ही सहयोग देते रहे और प्रोत्साहित करते रहें जिससे हम निरंतर अपनी सुविधाओं में सुधार लाते रहें और एक सुलभ, किफ़ायती और श्रेस्ठ स्तर की स्वास्थ्य सुविधा हमारे समाज के लिए उपलब्ध करने में सफल रहें।

एक बार फिर से हमारे बोर्ड और प्रशासन की तरफ़ से मैं आप सब का आभार व्यक्त करती हूँ। आशा करती हूँ आप और आपके परिवारजन सब स्वस्थ और सुरक्षित रहें।

जय हिंद!!!